Dainik Jagran - New Delhi- 13-02-2011

छात्रों ने दिखाया 'कबाड़ से जुगाड़' का हुनर

रामलाल आनंद साध्य कॉलेज में 'कबाड़ से जुगाड़' प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। जागरण

छात्रों ने की मस्ती

- रामलाल आनंद (सांध्य) कॉलेज में बिजनेस इकोनॉमिक्स फेस्टिवल 'बिजोनॉमी-2011'
- बिजनेस व फन से जुड़ी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया कमाल
- दैनिक जागरण रहा मीडिया पार्टनर

नई दिल्ली, जागरण संवाददाता : हम और आप घर में जिन चीजों को बेकार समझकर कूड़े में फेंक देते हैं, शनिवार को उन वस्तुओं के प्रयोग से ही डीयू के विद्यार्थियों ने उपयोग में आने वाले मैगजीन होल्डर, पेन स्टैंड, बहुउपयोगी बॉक्स जैसे रोजमर्रा के काम आने वाले दर्जनों आइटम तैयार कर डाले। मौका था डीयू के रामलाल आनंद (सांध्य) कॉलेज में शनिवार को बिजनेस इकोनॉमिक्स फेस्टिवल-'बिजोनॉमी-2011' में दूसरे दिन हुई 'कबाड़ से जुगाड़' प्रतियोगिता का। दैनिक जागरण इस कार्यक्रम का मीडिया पार्टनर है। कार्यक्रम में बिजनेस इकोनॉमिक्स कोर्स संचालित करने वाले डीयू के दस कॉलेजों के 36 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज की दिशा वेंकटेश्वरन और ऐश्वर्या जैन की टीम अव्वल रही।

रामलाल आनंद (सांध्य) कॉलेज की निशी यादव और प्रेरणा आर्य को दूसरा स्थान मिला। कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज की विधि सपरा और शिल्पी गुप्ता की टीम तीसरे स्थान पर रही। यह प्रतियोगिता स्तुति पाठक, रागिनी राजभोर और हरप्रीत कौर के संयोजन में हुई। ज्ञात हो कि इस दो दिवसीय आयोजन में एड-मेड, डिबेट, क्विज, सुडोकू, चैटर बॉक्स, दलाल स्ट्रीट, ग्रुप डिस्कशन और बिजनेस प्लान जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

शनिवार की शाम संपन्न हुए इस फेस्टिवल में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके सरीन ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक व कॉलेज के बिजनेस इकोनॉमिक्स विभाग की आस्था आहुजा ने आयोजन को सफल बनाने के लिए विभाग के छात्रों की कोर टीम की प्रशंसा की। इस अवसर पर एसजीटीबी खालसा कॉलेज के विभु प्रसाद साहू और बीआर अंबेडकर कॉलेज की ऊषा गुप्ता के साथ आयोजन समिति की मेघना जोशी, मेधा ग्रोवर, पूजा गुप्ता और प्रिया सेठी भी मौजूद थीं।